

## 'साझेदारियां महत्वपूर्ण होती हैः बहुतुले

राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने कहा कि उनकी टीम को अच्छी साझेदारियों के अभाव के कारण हार झेलनी पड़ रही है। बहुतुले ने कहा, 'साझेदारियां महत्वपूर्ण होती है।

## नॉर्त्जे और रबाडा की जोड़ी का सामना करना आसान नहींः शिखर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के उनके साथी जानते हैं कि जब भी कागिसो रबाडा और एनरिच नॉर्त्जे की तेज गेंदबाजी की जोड़ी को गेंद सौंपी जाएगी तो वे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाएंगे। दिल्ली ने रबाडा, नॉर्त्जे और तुषार देशपांडे की डैथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के दम पर बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स पर 13 रन से जीत दर्ज की। चोटिल श्रेयस अय्यर की जगह कप्तानी की भूमिका निभा रहे धवन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'नॉर्त्जे और रबाडा बेहतरीन गेंदबाज हैं। रबाडा का जवाब नहीं और जब वे साथ में गेंदबाजी करते हैं तो उनका सामना करना मुश्किल होता है।' धवन ने कहा, 'उन्होंने शुरू में विकेट निकाले और इसके बाद जब हम उन्हें डैथ ओवरों या बीच के ओवरों में गेंद सौंपते हैं तो हमें पता होता है कि वे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाएंगे। उन्होंने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास इतना अच्छा आक्रमण है। स्पिनरों ने भी अच्छी भूमिका निभायी। रविचंद्रन अश्विन चोट से उबरने के बाद जिस तरह का प्रदर्शन कर रहे हैं वह शानदार है। हर कोई अपना योगदान दे रहा है और यह अच्छी टीम की निशानी होती है।

## न्यूज डायरी



### साल 2008 में बॉल बॉय थे तुषार देशपांडे, 2020 में डीसी के लिए किया डेब्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में युवा तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे को मौका दिया। दुबई इंटरनैशनल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 25 साल के इस तेज गेंदबाज ने दो विकेट अपने नाम किए। 25 साल के मुंबई के रहने वाले इस गेंदबाज को हर्षल पटेल की जगह मौका दिया गया था। पहला विकेट हासिल कर देशपांडे काफी खुश थे। मैच की आखिरी गेंद पर श्रेयर गोपाल को आउट कर उन्होंने अपना दूसरा विकेट लिया। यह संयोग की बात है स्पोर्ट्स स्टार मैगजीन के बात एक बातचीत में तुषार ने बताया था कि वह साल 2008 के आईपीएल के दौरान एक मैच में बॉल बॉय बने थे। यह मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था। उस समय देशपांडे की उम्र महज 13 साल थी। आईपीएल 2020 की नीलामी में देशपांडे को दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 लाख रुपये में खरीदा था। देशपांडे अपने पहले ही मैच में भरोसे पर खरे उतरे हैं। देशपांडे ने साल 2016–2017 में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया।

### भारतीय महिला तीरंदाजों के सामने ओलिंपिक में पूर्ण कोटा हासिल करना चुनौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया की पूर्व नंबर–1 दीपिका कुमारी का मानना है कि कोविड–19 महामारी के कारण कई प्रस्तावित टूर्नामेंटों के रद्द होने के कारण अगले साल ओलिंपिक में भारतीय महिला तीरंदाजों के लिए पूर्ण कोटा हासिल करना मुश्किल चुनौती होगी। भारतीयों के पास तोक्यो खेलों के लिए क्वॉलिफाइ करने के लिए सिर्फ एक टूर्नामेंट बचा है और उसे दो स्थान हासिल करने हैं। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मुदित दानी के ऑनलाइन चौट शो 'इन द स्पॉटलाइट' पर दीपिका ने कहा कि देश की महिला तीरंदाजों ने कड़ी मेहनत की है और कोविड–19 लॉकडाउन से पहले उन्हें कोटा हासिल करने का भरोसा था। उन्होंने कहा, 'जब लॉकडाउन हुआ तो एक महीने में क्वॉलिफायर होने वाले थे, हमारा अभ्यास काफी अच्छा चल रहा था लेकिन इसके बाद अचानक हमें पता ही नहीं चला कि क्या करना है।'

### दिल्ली की गलियों से मिला भारत को कराटे किड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बैडमिंटन को इसका श्रेय देना चाहिए कि आज अमृतपाल कौर भारत में कराटे के मामले में जाना–पहचाना युवा चेहरा हैं। इसका श्रेय दिल्ली की सड़कों–गलियों को भी जाता है जिसने उन्हें मार्शल–आर्ट की क्लास लेने के लिए प्रेरित किया। यहां तक कि उनकी कहानी को सुजय जयराज द्वारा एक फिल्म के लिए चुना गया है, जिन्होंने पूर्व विश्व नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल पर एक फिल्म बनाने का अधिकार भी हासिल किया है, और केटो पर कराटे खिलाड़ी के लिए एक फंडिंग कैम्पेन शुरू किया है। कौर, जिन्होंने कॉमनवेल्थ कराटे चौम्पियनशिप (2015) में स्वर्ण पदक जीता और पिछले तीन वर्षों से लगातार दक्षिण एशियाई चौंपियनशिप में शीर्ष स्थान पर चल रही हैं। याद करते हुए बताती हैं कि 13 साल की उम्र में, दिल्ली के तिलक नगर से बैडमिंटन कोर्ट जाना उनके लिए कई कारणों से किसी बुरे सपने जैसा था।

### कोविड–19 से संक्रमित होने का अहसास अन्य चुनौतियों से भिन्न था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार ने कहा कि घातक कोविड–19 वायरस से संक्रमित होने का अहसास उनके करियर की अन्य चुनौतियों से भिन्न था और उन्हें खुशी है कि वह इससे बाहर निकलने में सफल रहे। वरुण राष्ट्रीय हॉकी टीम के उन छह खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें अगस्त में बेंगलुरू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) परिसर में कोरोना वायरस के लिए पॉजीटिव पाया गया था। ये सभी खिलाड़ी इस बीमारी से उबरने में सफल रहे। इस युवा खिलाड़ी ने कहा, 'एक खिलाड़ी के रूप में आपको अपने करियर में कई चुनौतियों का सामना करना होता है।

# पिता बनने से पहले मैरी कॉम से सीख लेना चाहते हैं विराट

## आप देश की महिलाओं ही नहीं बल्कि हर किसी के लिए आदर्श हैं

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विराट कोहली अगले साल जनवरी में पिता बनने वाले हैं लेकिन इससे पहले भारतीय कप्तान खेल और पिता की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने के लिए छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम से सीख लेना चाहते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि वह स्टार मुक्केबाज और चार बच्चों की मां मैरी कॉम के बताए गए रास्ते पर चलना चाहते हैं।

कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के यहां अगले साल जनवरी में पहला बच्चा आने वाला है। कोहली ने मैरी कॉम से इंस्टाग्राम चौट में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि माता–पिता की भूमिका और व्यस्त करियर के बीच संतुलन बनाने के बारे में बात करने के लिए आपसे बेहतर कोई और हो सकता है।'

इन दोनों के बीच बातचीत से



पहले छह बार की विश्व चैंपियन और ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मुक्केबाज ने कोहली और अनुष्का को बधाई दी। कोहली ने अब भी रिंग में अपना दबदबा बनाने की इच्छा रखने वाली 37 वर्षीय मैरी कॉम से पूछा, 'आप एक मां हैं। आपने अभ्यास, इतनी अधिक चौंपियनशिप में भाग लेना, यह सब कैसे किया। आपने कैसे संतुलन बनाया।'

मैरी कॉम ने कहा कि परिवार की सहायता के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा, 'शादी के बाद मेरे पति मेरा मजबूत पक्ष रहे हैं। उन्होंने मुझे बहुत अधिक सहयोग दिया। मैं जो चाहती हूं उन्होंने उस हर चीज का ख्याल रखा। वह आदर्श पति और पिता हैं। इसके अलावा मेरे बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं।'

कोहली ने कहा कि मैरी कॉम ने जो राह दिखाई है उसका कोई भी माता पिता अनुसरण कर सकते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, 'आप देश की महिलाओं ही नहीं बल्कि हर किसी के लिए आदर्श हैं। आपने तमाम विपरीत परिस्थितियों और कम सुविधाओं तथा अन्य चुनौतियों के बावजूद खेल में इतना कुछ हासिल किया।' उन्होंने कहा, 'आप आगे बढ़ती रही और अपनी राह सुगम बनाती रही। यह ऐसा है जो हर किसी के लिए प्रेरणादायी है।

मैं यही कहना चाहता हूं कि आप हम सभी के लिए प्रेरणा हो। मैं आपसे यह सवाल पूछकर वास्तव में स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' कोहली ने कहा, 'हम माता–पिता बनने वाले हैं। आपने जो कुछ किया है हम उससे प्रेरणा लेते हैं। हम आपके बताए रास्ते पर ही आगे बढ़ेंगे।'

# केएल राहुल चाहते हैं आईपीएल से बैन हो जाएं विराट और एबी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार विराट कोहली और एबी डि विलियर्स हैं। विपक्षी टीमों को उनका इतना खौफ है कि वे उन्हें श्बैनश तक करना चाहती हैं। कोहली और डि विलियर्स साल 2011 से बैंगलोर की टीम में खेल रहे हैं। आईपीएल में इन दोनों ने अपनी टीम के लिए मिलकर कई मैच जिताऊ साझेदारियां की हैं।

इस साल के आईपीएल में बैंगलोर की टीम ने सात में से पांच मैच जीते हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने के काफी करीब पहुंच गई है। एक इंस्टाग्राम चैट के दौरान किंग्स इलेवन पंजाब



के कप्तान केएल राहुल ने मजाक में कहा कि आईपीएल के आयोजकों को विराट कोहली और एबी डि विलियर्स को बैन कर देना चाहिए। राहुल ने यह बात कोहली के उस सवाल के जवाब में कही जिसमें उन्होंने पूछा था कि वह टी20 में क्या बदलाव करना चाहते हैं।

राहुल ने कहा, सबसे पहले, मुझे लगता है कि मैं आईपीएल से कहूंगा कि वह आपको और एबी डिविलियर्स को अगले साल के लिए बैन कर दे। एक बार आप रनों के एक खास मुकाम तक पहुंच जाएं उसके बाद, लोगों को कहना चाहिए, बस हो गया। एक बार आपने 5000 रन बना लिए, तो बहुत हैं। अब आप लोगों को अन्य खिलाड़ियों को काम करने देना चाहिए। पॉइंट्स टेबल की बात करें तो केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम इस समय सबसे निचले पायदान पर है। टीम कुछ मैच जीतने के बेहद करीब पहुंचकर हारी है।

## आईपीएल में बेटे के साथ कर रहे बल्लेबाजी रोबिन उथप्पा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मौके दिए जा रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की टीम के युवा खिलाड़ी रियान पराग ने भी अपनी अगल पहचान बनाई है। बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रियान महज 1 रन बनाकर आउट हो गए। अनुभवी बल्लेबाज रोबिन उथप्पा के साथ हुई तालमेल की कमी की वजह से उनको आउट होकर निराश लौटना पड़ा।

क्रिकेट के मैदान पर अजूबे होते रहते हैं और क्रिकेटर का लंब करियर होने पर तो किस्से और भी जुड़ते हैं। बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच के दौरान भी एक मजेदार बात हुई। राजस्थान के अनुभवी बल्लेबाज उथप्पा ने उस युवा बल्लेबाज से साथ मैदान पर टीम के लिए भागेदारी की जिसके पिता के खिलाफ उन्होंने खेला था। हालांकि रियान और उथप्पा के बीच रन लेने के दौरान तालमेल की कमी हुई और पराग को 1 रन पर आउट होकर वापस लौटना पड़ा।